**NEWS CLIPPING:13.01.2022**

# THE TRIBUNE

## NATIONAL YOUTH DAY OBSERVED

**Faridabad:** National Youth Day was observed at the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad. The varsity organised various events to mark the celebration of the birth anniversary of social reformer Swami Vivekananda. Maithili Sharan Gupta, president of the Crime-free Bharat Mission, and former DGP (Police Reforms), Madhya Pradesh, were the keynote speakers in a virtual session. The session was presided over by Vice-Chancellor Raj Nehru.

**NEWS CLIPPING:13.01.2022**

# PUNJAB KESARI

# 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर ऑन लाइन व्याख्यान

## सामाजिक-सांस्कृतिक क्लब विवेकानंद मंच और ईको क्लब का रहा योगदान




*जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामाजिक–सांस्कृतिक क्लब विवेकानंद मंच द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' का चित्रांकन। (छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 12 जनवरी (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों के आयोजन में विश्वविद्यालय के सामाजिक-सांस्कृतिक क्लब विवेकानंद मंच और ईको क्लब वसुंधरा का योगदान रहा।

विवेकानंद मंच द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' एक आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें अपराध मुक्त भारत संस्था के अध्यक्ष श्री मैथिलीशरण गुप्ता मुख्य वक्ता रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति श्री राज नेहरू ने की। सत्र का संयोजन निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी ने किया तथा राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम को लेकर संक्षिप्त परिचय दिया।

सत्र को संबोधित करते हुए मैथिलीशरण गुप्ता जोकि मध्यप्रदेश पुलिस में महानिदेशक (पुलिस सुधार) रहे है, ने देश के भविष्य को संवारने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्र के विकास में युवाओं के सही उपयोग के बारे में बात की और स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। आभासी सत्र में प्रतिभागियों को महान दार्शनिक और विचारक स्वामी विवेकानंद के जीवन से सीखने का एक अद्भुत अनुभव प्राप्त हुआ। पर्यावरण विभाग के वसुंधरा ईको क्लब द्वारा आयोजित एक अन्य व्याख्यान में सीएसआईआर–एनआईएससीपीआर की निदेशक डॉ रंजना अग्रवाल ने बतौर मुख्य वक्ता अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस की सार्थकता तभी है जब हम आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण देने का संकल्प लेंगे। उन्होंने पर्यावरण सम्बंधित संस्मरण सुनाते हुए सहज शब्दों में बहुत ही ज्ञानवर्धक जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति राज नेहरू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सनातन हिन्दू धर्म के ध्वजवाहक के रूप में स्थापित है। आज से 129 वर्ष पूर्व अल्पायु में अमेरिका की धर्म संसद में दिए गए उनके भाषण ने पूरी दुनिया को भारतीय पुरातन संस्कृति के महत्व को माना और इसकी प्रशंसा की।

**NEWS CLIPPING:13.01.2022**

# AAJ SAMAJ

**आयोजन** राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम को लेकर संक्षिप्त दिया परिचय

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर ऑन लाइन व्याख्यान का आयोजन

आज सामाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों के आयोजन में विश्वविद्यालय के सामाजिक-सांस्कृतिक क्लब विवेकानंद मंच और ईको क्लब वसुंधरा का योगदान रहा।

विवेकानंद मंच द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस एक आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें अपराध मुक्त भारत संस्था के अध्यक्ष मैथिलीशरण गुप्ता मुख्य वक्ता रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति राज नेहरू ने की। सत्र का संयोजन निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी ने किया तथा राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम को लेकर संक्षिप्त परिचय दिया।




जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ह्यराष्ट्रीय युवा दिवसह्न का चित्रांकन

सत्र को संबोधित करते हुए मैथिलीशरण गुप्ता जोकि मध्यप्रदेश पुलिस में महानिदेशक (पुलिस सुधार) रहे है, ने देश के भविष्य को संवारने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्र के विकास में युवाओं के सही उपयोग के बारे में बात की और स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। आभासी सत्र में प्रतिभागियों को महान दार्शनिक और विचारक स्वामी विवेकानंद के जीवन से सीखने का एक अद्भुत अनुभव प्राप्त हुआ।

पर्यावरण विभाग के वसुंधरा ईको क्लब द्वारा आयोजित एक अन्य व्याख्यान में सीएसआईआर- एनआईएससीपीआर की निदेशक डॉ रंजना अग्रवाल ने बतौर मुख्य वक्ता अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस की सार्थकता तभी है जब हम आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण देने का संकल्प लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति राज नेहरू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सनातन हिन्दू धर्म के ध्वजवाहक के रूप में स्थापित है।

**NEWS CLIPPING:13.01.2022**

## PIONEER

# 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर ऑन लाइन व्याख्यान आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों के आयोजन में विश्वविद्यालय के सामाजिक-सांस्कृतिक क्लब विवेकानंद मंच और ईको क्लब वसुंधरा का योगदान रहा।

विवेकानंद मंच द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' एक आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें अपराध मुक्त भारत संस्था के अध्यक्ष



**जेसी बोस विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते गणमान्य लोग।**

मैथिलीशरण गुप्ता मुख्य वक्ता रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति राज नेहरू ने की। सत्र का संयोजन निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी ने किया तथा राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम को लेकर संक्षिप्त परिचय दिया। सत्र को संबोधित करते हुए मैथिलीशरण गुप्ता जोकि मध्यप्रदेश पुलिस में महानिदेशक (पुलिस सुधार) रहे है, ने देश के भविष्य को संवारने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्र के विकास में युवाओं के सही उपयोग के बारे में बात की और स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। पर्यावरण विभाग के वसुंधरा ईको क्लब द्वारा आयोजित एक अन्य व्याख्यान में सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर की निदेशक डॉ रंजना अग्रवाल ने बतौर मुख्य वक्ता अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस की सार्थकता तभी है जब हम आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण देने का संकल्प लेंगे।

**NEWS CLIPPING:13.01.2022**

# HINDUSTAN

## 'स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लें युवा'

जयंती

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर बुधवार को शहर के शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों के बारे में जानकारी दी। साथ ही युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने की सीख दी।

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विवेकानंद मंच और ईको क्लब वसुंधरा की ओर से ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान अपराध मुक्त भारत संस्था के अध्यक्ष मैथिलीशरण गुप्ता मुख्य वक्ता रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति राज नेहरू ने की। कार्यक्रम संयोजक युवा कल्याण विभाग के निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी रहे। छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने देश के भविष्य को संवारने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों के बारे में जानकारी दी। वहीं कुलपति ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने की सीख दी। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने सभी का आभार जताया।

**NEWS CLIPPING:13.01.2022**

# AMAR UJALAL

**देश के भविष्य को संवारने में युवाओं की भूमिका : फरीदाबाद।** जेसी बोस (विवि) में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें सामाजिक-सांस्कृतिक क्लब विवेकानंद मंच और ईको क्लब वसुंधरा का योगदान रहा। कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन किया गया। ऑनलाइन व्याख्यान में अपराध मुक्त भारत संस्था के अध्यक्ष मैथिलीशरण गुप्ता मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने देश के भविष्य को संवारने में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की। वहीं, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा की ओर से सेक्टर-12 कार्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। संवाद